भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

आईआईटीएफ 2025 में भाविप्रा पवेलियन का अनावरण

नई दिल्ली, 17 नवंबर 2025: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने 44 वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) 2025 में प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में अपने मंडप के भव्य उद्घाटन के साथ अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई। इस मंडप का उद्घाटन माननीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाविप्रा के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. निखिल कुमार कनोडिया, सदस्य (वायु दिक्चालन सेवाएँ) श्री एम. सुरेश, सदस्य (वित्त) श्री पंकज मल्होत्रा, सदस्य (योजना) श्री अनिल कुमार गुप्ता, और भाविप्रा तथा नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस दौरान, माननीय मंत्री द्वारा विभिन्न इंटरैक्टिव पैनलों का अवलोकन किया गया, व्यावहारिक प्रदर्शनों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा भारतीय विमानन परिदृश्य को आकार देने वाली तकनीकी प्रगति को समझने के लिए भाविप्रा अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

"एक भारत, श्रेष्ठ भारत " थीम पर डिज़ाइन किया गया, हॉल 1जी में स्थित भाविप्रा मंडप तकनीक, नवाचार और रचनात्मकता का एक सम्मोहक समामेलन प्रस्तुत करता है, जो आगंतुकों को भारत के विमानन परिदृश्य की एक गहन यात्रा का अनुभव प्रदान करता है। भविष्य की विमानन छवियों से युक्त एक आकर्षक एलईडी आर्चवे आगंतुकों का स्वागत करता है और उन्हें एक गतिशील स्थान में ले जाता है, जहाँ दो एनामॉर्फिक डिस्प्ले वॉल हैं जो भाविप्रा के बढ़ते हवाई अड्डा नेटवर्क, बुनियादी ढाँचे के उन्नयन और आधुनिकीकरण की उपलब्धियों को जीवंत करती हैं।

इंटरैक्टिव टच कियोस्क का एक सेट आगंतुकों को उड़ान योजना, स्टार्ट-अप नीति, एएआई-रूट्स एशिया 2025 और भारत के हवाई संपर्क मानचित्र सहित भाविप्रा की प्रमुख पहलों को देखने का अवसर प्रदान करता है। रचनात्मक रूप से डिज़ाइन की गई एक डिजिटल फ्लिप बुक हवाई अड्डों को वास्तुशिल्पीय प्रतीक के रूप में प्रदर्शित करती है, जो स्थानीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण में उनकी भूमिका को उजागर करती है।

मंडप में विमानन प्रेमियों के लिए एक आकर्षक एयर क्विज़ और एक एआई-संचालित सेल्फी ज़ोन भी है जहाँ आगंतुक विमानन पेशेवरों के डिजिटल अवतार में बदल सकते हैं। एक समर्पित ब्रीफिंग ज़ोन, भारतीय विमानन के भविष्य के लिए भाविप्रा की पहलों, संचालन और दृष्टिकोण पर व्यावहारिक सत्र प्रदान करके छात्रों और मीडिया प्रतिनिधियों के अनुभव को और समृद्ध बनाता है।

इस वर्ष का एक प्रमुख आकर्षण लाइव एटीसी प्रदर्शन है, जो आगंतुकों को वास्तविक समय के वायु यातायात संचार और नियंत्रण की एक अनूठी झलक प्रदान करता है। अत्याधुनिक एटीसी-सीएनएस कंसोल द्वारा इस प्रदर्शन को और भी बेहतर बनाया गया है, जो आधुनिक वायु यातायात प्रबंधन में भारत के नेतृत्व को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, आधुनिक दिक्चालन प्रणालियों, अगली पीढ़ी के संचार उपकरणों और सुदृढ़ निगरानी तकनीकों सहित संचार, दिक्चालन और निगरानी (सीएनएस)

प्रणालियों पर जानकारीपूर्ण प्रदर्शनों की एक श्रृंखला भी प्रदर्शित की गई है, जो वैश्विक विमानन मानकों की दिशा में भारत की प्रगति को दर्शाती है।

14 नवंबर से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले आईआईटीएफ 2025 में अपनी भागीदारी के साथ , भाविप्रा अपने संचालन के हर पहलू में प्रौद्योगिकी, नवाचार, संधारणीयता और सुरक्षा को एकीकृत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह मंडप 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने के भाविप्रा के दृष्टिकोण को दर्शाता है, जहाँ विमानन कनेक्टिविटी, आर्थिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता रहेगा।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (सीसी) 011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 12 /2025-26

माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा 44 वें आईआईटीएफ, 2025 में एएआई पैवेलियन का उद्घाटन

माननीय नागर विमानन मंत्री *द्वारा लाइव एटीसी प्रदर्शन अनुभव*

माननीय नागर विमानन मंत्री ने भाविप्रा की महिला अग्निशमन कार्मिकों के साथ बातचीत की

भाविप्रा मंडप में आगंतुको का आकर्षण

भारत मंडपम स्थित भाविप्रा पैवेलियन में माननीय नागर विमानन मंत्री और भाविप्रा के अधिकारीगण